

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**सोनाक्षी की बैचलरेट आउटफिट की तस्वीरें**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 124 | सोमवार, 29 जुलाई 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# 5वीं मंजिल से लिफ्ट गिरी, वृद्ध घायल





## ■ वृद्ध ने की मुआवजे की मांग

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक बड़ा हादसा हुआ है जहां पांचवीं मंजिल से नीचे आते समय एक इमारत की लिफ्ट अचानक गिर गई। इस हादसे में लिफ्ट में सवार एक वरिष्ठ नागरिक अपने ढाई साल के पोते के साथ गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सरदार पिंजारी नामक वृद्ध अपने ढाई साल के पोते के साथ उल्हासनगर-4 के सत्यजीवन बिल्डिंग में रहने वाले अपने भाई से मिलने आए हुए थे। अपने भाई से मिलने के बाद पिंजारी पांचवीं मंजिल से लिफ्ट से नीचे जा रहे थे, तभी लिफ्ट में अचानक खराबी आ गई और लिफ्ट पांचवीं मंजिल से सीधे निचली मंजिल पर जा गिरी। लिफ्ट के जमीन से टकराने की आवाज इतनी तेज थी कि विस्फोट की तरह लिफ्ट का एक हिस्सा सरदार पिंजारी के शरीर पर जा गिरा. जिसमें पिंजरी के हाथ और पैर की हड्डियां टूट गईं और फ्रैक्चर हो गया। पिंजारी के साथ उनका ढाई साल का पोता भी था, जिसने वृद्ध ने अपने सीने से लगा लिया और हादसे की सारी चोटें अपने ऊपर ले लीं। इस बीच, पिंजारी ने मांग की है कि सोसायटी के मालिक और पदाधिकारी उन्हें हादसे का मुआवजा दें और समय-समय पर सोसायटी की देखरेख भी करे.

# विस चुनाव में नए चेहरे की डिमांड

- ■ कालानी की दोमुंहा राजनीति
- ■ शहर से लोगों का पलायन नेताओं की देन
- ■ कालानी शरद पवार की शरण में
- ■ भाजपा में दावेदारों की भरमार

## कालानी-आयलानी हुए हर कदम पर फेल





**कालानी-आयलानी की लड़ाई में शहर का हुआ विनाश**




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में इन दिनों नेता विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। एक तरफ वर्तमान विधायक कुमार आयलानी अपनी टिकट बचाने के लिए भाजपा के प्रदेश व केंद्रीय नेताओं के संपर्क में हैं तो वहीं आयलानी का ही पत्ता काटने के लिए उल्हासनगर भाजपा में जमनू पुरस्वानी, प्रदीप रामचंदानी, महेश सुखरामानी, संजय गुप्ता आदि नाम चल रहे हैं। हालांकि आयलानी के वर्तमान कार्यकाल से शहर की जनता पूरी तरह नाराज हैं और इस बार आयलानी का जीतना इस बार मुश्किल हो जाएगा। जिसकी तैयारी कालानी ने भी लोकसभा चुनाव में ही कर ली थी। कालानी ने कुर्सी पाने के लिए हमेशा की तरह अपनी दो मुंहा राजनीति करते हुए लोकसभा में शिंदे को समर्थन दिया था तो वहीं स्नातक चुनाव में आघाड़ी के उम्मीदवार को। कालानी के समर्थन से हालांकि शिंदे की जीत में कोई बड़ा उल्टफेर नहीं हुआ लेकिन कालानी ने शिंदे के विश्वास जीतने का प्रयास किया ताकि उन्हें विधानसभा चुनाव में मदद मिले। अब जबकि अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की संभावना है ऐसे में ओमी कालानी ने स्वयं मैदान में उतरने की तैयारी की है। उन्होंने पहले टीम ओमी कालानी से चुनाव लड़ने की बात कही थी लेकिन अब हाल ही के बयान में उन्होंने राकांपा शरद पवार गुट से चुनाव की मंशा जताई है इससे यह सिद्ध हो रहा है कि एक बार फिर कालानी शरद पवार की शरण में आ गए हैं। विधानसभा चुनाव में इस कालानी आयलानी की लड़ाई से अब शहरवासी तंग हो गए हैं क्योंकि दशकों से इनकी लड़ाई में शहर का विनाश हुआ है और विकास शून्य।ऐसे में शहरवासियों को नए चेहरे की तलाश है जो अब शहर को सुधारे।

## ■ गंगोत्री तीसरे विकल्प बनकर आए



141 उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में हमेशा से ही सिंधी समाज का वर्चस्व रहा है। कालानी ने दशकों तक विधानसभा चुनाव जीतकर राज किया और आयलानी को भी परिवर्तन के तहत मौका मिला लेकिन वो भी फेल हुए। भाजपा जैसे मजबूत पक्ष में होते हुए भी आयलानी शहर विकास में कामयाबी हासिल नहीं की। इसलिए अब तीसरे विकल्प के रूप में शहर में कई नामों की चर्चा चल रही है। जिसमें राकांपा अजित पवार गुट के जिलाध्यक्ष भारत राजवानी गंगोत्री का नाम सबसे आगे चल रहा है। ऐसा भी सुना गया है कि अगर महायुति के तहत भाजपा को यह सीट मिलती है तो गंगोत्री निर्दलीय भी चुनाव लड़ सकते हैं। गंगोत्री ने शहर में तीसरे विकल्प के हेतु चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। भरत राजवानी ने 'चेहरा बदलो, उल्हासनगर बदलेगा' ये मुहिम भी शुरू कर दी है. इसके अलावा शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से धनंजय बोडारे के नाम की भी चर्चा है उन्होंने आयलानी व कालानी को पिछले विधानसभा चुनाव में अच्छी टक्कर दी थी। उत्तर भारतीय नेता संजय गुप्ता का भी प्रचार जोरों पर देखने को मिल रहा है। ऐसे ही कई नाम आगामी समय में देखने को उल्हासनगर विधानसभा चुनाव के दौरान मिल सकते हैं। एक तरफ शहर खस्ता हालत में है और शहर के नेता विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए गोवा में मजे कर रहे हैं। शहर की खस्ता हालत के जिम्मेदार नेताओं को अब शहर की जनता जरूर सबक सिखाएगी।

# शराब छोड़ने के लिए कहने पर भाई पर किया चाकू से हमला

## ■ किडनी हुई फेल

**उल्हासनगर.** शराब छोड़ने और कुछ काम करने की बात कहने से नाराज छोटे भाई ने अपने बड़े भाई के पेट में चाकू घोंप दिया. इस हमले में सिद्धार्थ वानखड़े की किडनी फेल हो गई और गौतम गणेश वानखड़े के खिलाफ विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया.

उल्हासनगर कैंप नं. 4, कृष्णा मैरिज हॉल के सामने 23 जुलाई को सिद्धार्थ अपने दोस्तों से बातचीत कर रहे थे. तभी छोटा भाई गौतम वहां आ गया. बड़े भाई होने के नाते सिद्धार्थ ने शराब पीकर गौतम से झगड़ा नहीं करने और शराब छोड़ कर काम-धंधा करने की सलाह दी. गौतम ने गुस्से में आकर सिद्धार्थ के पेट में चाकू मारकर उन्हें घायल कर दिया. उसने चाकू दिखाकर दहशत फैलाने की भी कोशिश की। चाकू से हुए हमले में घायल सिद्धार्थ का अस्पताल में इलाज चल रहा है और डॉक्टरों का कहना है कि उनकी किडनी फेल हो गई है.

सिद्धार्थ की शिकायत पर विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने गौतम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 110 (2), 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले की जांच विठ्ठलवाड़ी कर रहे हैं.

# उल्हासनगर मनपा में 148 पदों पर भर्ती जल्द

## ■ आचार संहिता के कारण रुकी थी भर्ती प्रक्रिया




> मनपा में कुल 148 तकनीकी पदों पर सीधी सेवा भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया जाएगा। मनपा को क्लास 1 और क्लास 2 पदों के लिए सरकार पर निर्भर रहना पड़ता है। भर्ती प्रक्रिया के बाद ऐसा नहीं होगा. चुनाव आचार संहिता खत्म होने के साथ ही भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.
>
> **-जमीर लेंगरेकर,** अतिरिक्त आयुक्त, उल्हासनगर नगर पालिका

**उल्हासनगर.** सरकार ने इंजीनियर, फायर सेफ्टी गार्ड, डॉक्टर आदि जैसे कुल 148 तकनीकी पदों को मंजूरी दी; हालांकि, चुनाव आचार संहिता के कारण भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है। अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने संकेत दिया है कि भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी.

महानगर पालिका को डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, सिटी इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, लीगल ऑफिसर, म्यूनिसिपल सेक्रेटरी, टैक्स डिप्टी असेसर, मेडिकल ऑफिसर आदि क्लास 1 और 2 पदों पर वर्षों से सरकारी प्रतिनियुक्ति नहीं दी जा रही है. 90 फीसदी पद खाली हैं. मनपा के कामकाज को चलाने के लिए मनपा आयुक्त को अनिश्चित काल के लिए लिपिक स्तर के कर्मचारियों को वर्ग 1 और 2 पदों का प्रभार देना पड़ रहा है. इस तरह की स्थिति से बचने के लिए सरकार ने डेढ़ साल पहले मनपा में 148 तकनीकी पद भरने की मंजूरी दी थी। इसमें कार्यकारी अभियंता, उप अभियंता, शाखा अभियंता, डॉक्टर, सहायक आयुक्त, फायर ब्रिगेड के 56 सुरक्षा गार्ड, अग्निशमन अधिकारी आदि के पद शामिल हैं। इन पदों को भरने के लिए मनपा ने टीसीएस कंपनी को मंजूरी देकर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

लोकसभा और शिक्षक, स्नातक चुनाव आचार संहिता ने नियुक्ति प्रक्रिया पर ब्रेक लगा दिया है। मनपा में महत्वपूर्ण पद कनिष्ठ अधिकारियों को दिए गए हैं और उनमें से अधिकांश को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने रंगे हाथों पकड़ा है। कुल 148 तकनीकी पदों पर भर्ती होने से कार्य सुव्यवस्थित हो जाएगा।

जल आपूर्ति विभाग में 423 करोड़ रुपये की भूमिगत सीवरेज योजना, 123 करोड़ रुपये की जलापूर्ति योजना समेत अन्य करोड़ों रुपये के काम चल रहे हैं. हालांकि, विभाग का प्रभार कनीय अभियंता को दे दिया गया. यह स्थिति निर्माण विभाग की है और सिटी इंजीनियर का पद सीधे अवर अभियंता को दे दिया गया है. अन्य विभागों में भी यही स्थिति है.

### एक अधिकारी, तीन-तीन विभागों के प्रभारी

मनपा में अधिकारियों के पद खाली होने के कारण एक ही अधिकारी को 3 से 4 विभागों का प्रभार दिया गया है. चूंकि ये अधिकारी प्रत्येक विभाग के साथ न्याय नहीं कर सकते, इसलिए भ्रम की स्थिति है।

# नाबालिग बाइक चालक लड़की को कोर्ट ने सुनाई अनोखी सजा

## ■ बाइक से टक्कर मारकर एक को किया था घायल

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ की एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बाल न्यायालय भिवंडी ने एक अनोखी सजा सुनाई है. इस लड़की ने बाइक से टक्कर मारकर एक को घायल कर दिया था. अंबरनाथ पुलिस में घायल शख्स ने नाबालिग लड़की के खिलाफ अपराध पंजीकृत कराया था. कसूरवार लड़की को पुलिस ने भिवंडी के बाल न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने नसीहत के तौर पर और आगे भी सबक मिले इसके लिए लड़की को एक महिने तक अंबरनाथ पुलिस में हाजिरी लगाने को कहा है. साथ ही ये भी कहा है कि वह ट्रैफिक अधिकारी के साथ रोजाना चौक पर जाकर ट्रैफिक नियमों को समझे. ये लड़की अब रोजाना ट्रैफिक विभाग में हाजिरी लगा रही है और अधिकारी के साथ चौक पर खड़े होकर ट्रैफिक नियमों को समझने का प्रयास कर रही है. रविवार दोपहर में ये लड़की ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक पटोले के साथ शहर पश्चिम स्टेशन चौक पर खड़ी हुई थी. तब हमें ये जानकारी मिली कि लड़की न्यायालय के आदेश का पालन कर रही है. यातायात पुलिस ने उस व्यक्ति से जिसके नाम पर ये बाइक है, उसे भी भारी जुर्माना लगाया है. घटना इस प्रकार है कि लड़की ने उनके पहचान के व्यक्ति से बाइक लिया, उसको चलाकर वह जा रही थी, तो हादसा हो गया. बाइक से टक्कर लगने वाले व्यक्ति की हड्डी टूट गई है. जो लोग नाबालिग बच्चों को बाइक चलाने के लिए देते हैं, उनके लिए एवं नाबालिग बच्चों के लिए भी बड़ी नसीहत है कि उन्हें क्या सजा हो सकती है. बाल न्यायालय का एक अनोखा फैसला है, जिससे हम सबको भी सबक लेना चाहिए.

# म्हारल में घर की दीवार ढही





- ■ कोई जनहानि नहीं
- ■ दूसरे घर के आंगन में गिरी दीवार
- ■ एक रिक्शा क्षतिग्रस्त
- ■ भारी बारिश के बाद हुआ हादसा

**उल्हासनगर.** पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण उल्हासनगर के म्हारल गांव में एक घर की दीवार गिर गई है लेकिन सौभाग्य से, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, पर घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। नीलेश देहेरकर नामक व्यक्ति उल्हासनगर के पास म्हारल गांव का निवासी है। शनिवार शाम को अचानक उनके घर की दीवार गिर गई.

देहेरकर का घर ऊंचे स्थान पर होने के कारण यह दीवार उनके घर के नीचे दूसरे घर के आंगन में गिर गयी. सौभाग्य से, घटना में किसी भी घर में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन देहेरकर के घर को काफी नुकसान हुआ. दीवार गिरने से दूसरे घर के आंगन में खड़ा रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद ग्राम पंचायत सदस्य और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया.

सरपंच योगेश देशमुख ने जानकारी दी है कि राजस्व विभाग द्वारा इस स्थान पर पंचनामा किया गया है और जल्द से जल्द सरकारी सहायता दिलाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा कार्रवाई की जा रही है.

# महिला के मृत पति के बैंक खाते से 23 लाख निकाले

**उल्हासनगर.** पति की मौत के बाद एक महिला के बैंक खाते से 23 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है. उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में पुनीत विनोद वाघ के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

उल्हासनगर कैंप नंबर-1 इलाके में रहने वाली ज्योति संजय भागवत के पति का विरार के संजीवनी अस्पताल में शराब छुड़ाने का इलाज चल रहा था। उस वक्त उनके यूनियन बैंक खाते में 25 लाख 39 हजार 412 रुपये जमा थे. इस बीच, कैंप नंबर-1 तानाजीनगर में रहने वाले पुनीत विनोद वाघ ने संजय भागवत का विश्वास हासिल कर लिया और उनके यूनियन बैंक के एटीएम नंबर, चेकबुक और खाते का पासवर्ड नंबर जान लिया। संजय भागवत की मृत्यु के बाद, पुनीत वाघ ने अप्रैल से 28 जून, 2023 के बीच एटीएम कार्ड के माध्यम से पैसे निकालकर और चेक के माध्यम से अपने बैंक खाते में जमा करके 23 लाख रुपये का गबन और धोखाधड़ी की। जब यह पता चला कि वाघ उनके पति द्वारा दी गई सोने की अंगूठी ले गया है, तो दिवंगत संजय भागवत की पत्नी ज्योति भागवत उल्हासनगर पुलिस स्टेशन पहुंची और पुलिस को घटना बताई। ज्योति भागवत की शिकायत के बाद पुलिस ने पुनीत वाघ के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है.

# अंबरनाथ में गड्ढों के कारण हो रहे हादसे







## ■ रेलवे ओवरब्रिज पर एवं बुवापाड़ा में सड़कों पर जानलेवा गड्ढे

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के कई इलाकों में रास्तों पर इस बारिश में गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं. शहर पूर्व से पश्चिम को जोड़ने वाले रेलवे ओवरब्रिज पर एक जानलेवा गड्ढा हो गया है. बरसाती पानी से ये गड्ढा भरा रहता है, जिसके कारण वाहन चालकों को विशेषतः दोपहिया वाहन चालकों को ये गड्ढा दिखाई नहीं दिता है. कई बाइक इस गड्ढे में अटक रही है. वाहन चालक गिर रहे हैं. अगर पीछे से कोई बड़ा वाहन आ जाए तो उसकी मौत भी हो सकती है. एक बड़ा हादसा यहां पर हो सकता है.

समाजसेवक सी. एच. जाधव ने नपा अधिकारियों से इस ओर तुरंत ध्यान देने को कहा है. इस खरतनाक गड्ढे को तुरंद भरना जरूरी हो गया है. इसी तरह शहर पश्चिम में बुवापाड़ा के पास सुदर्शन चौक से तबेले तक रोड पर गहरे और बड़े गड्ढे हो गए हैं. भाजपा के अशोक साह ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक रिक्शा, बाइक उलट गई थी. जिसमें यहां के निवासी एक व्यक्ति की उंगली फ्रैक्चर हो गई थी. इसी सड़क से स्कूल के बच्चे रिक्शा में एवं पैदल स्कूल जाते हैं. यहां की निवासी महिलाओं ने हमें बताया कि पास की पहाड़ी का पानी इस सड़क पर से जाता है. इसलिए सड़क का निर्माण करके साइड में गटर भी बनाया जाए. अशोक साह ने कहा है कि अगर दस दिनों के भीतर ये सड़क नहीं बनाई गई तो नपा कार्यालय पर मोर्चा लेकर जाएंगे.

# वालधुनी, अशोकनगर में तत्काल पुल बनाने की मांग

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** कल्याण के वलधुनी और अशोकनगर के नागरिकों की सुविधा के लिए शिव सेना कल्याण पूर्व विधानसभा प्रमुख नीलेश शिंदे ने तत्काल फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग मनपा आयुक्त इंदुरानी जाखड़ से की है.

वालधुनी शिवाजीनगर क्षेत्र के नागरिक और नौकरीपेशा लोकल पकड़ने के लिए विठ्ठलवाड़ी स्टेशन के करीब से रेलवे ट्रैक के किनारे यात्रा करते थे। हालाँकि, सुरक्षा कारणों से रेलवे द्वारा इस सड़क को बंद करने के कारण नागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, और विठ्ठलवाड़ी स्टेशन जाने के लिए आनंदवाड़ी में रेलवे लाइन पार करके रिक्शा लेना होता है या यदि वे रिक्शा से सीधे विठ्ठलवाड़ी स्टेशन जाना चाहें तो 50 रुपये शुल्क लिया जाता है।

अशोक नगर, वालधुनी के कुछ यात्रियों और पूर्व नगरसेवक प्रमोद पिंगले ने नागरिकों की इस समस्या को शिवसेना कल्याण पूर्व विधानसभा प्रमुख नीलेश शिंदे और शिवसेना उपजिला प्रमुख मल्लेश शेट्टी को बताया। कमिश्नर सभाकक्ष में हुई बैठक में कमिश्नर इंदुरानी जाखड़ ने भी इस फुट ओवर ब्रिज की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और जल्द से जल्द अगले महीने के भीतर इस काम को शुरू करने के निर्देश दिए.

# पुराने कांग्रेसियों को दोबारा कांग्रेस में लिया जाए

## ■ कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल की वरिष्ठों से मांग

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के पुराने कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी, जिन्होंने कांग्रेस पक्ष को छोड़कर अन्य दलों में प्रवेश किया था, वे अगर दोबारा कांग्रेस में आना चाहते हैं तो उन्हें दोबारा पक्ष में लिया जाए. इससे शहर में कांग्रेस मजबूत होगी. ऐसी बात कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल ने हमसे कही है. उन्होंने कहा है कि वह और पुराने कांग्रेसी बहुत जल्द पार्टी के वरिष्ठों से मुलाकात करके ये मांग करेंगे.

विदित हो कि मिलिंद पाटिल कांग्रेस के निष्ठावंत कार्यकर्ता हैं. शहर में कांग्रेस पक्ष बिखरता जा रहा है. किसी सक्षम नेतृत्व की जरूरत है. शहर में सक्षम नेतृत्व के बिना कांग्रेस कार्य कर रही है जो कि पक्ष के हक में ठीक नहीं है. क्योंकि कुछ ही दिनों बाद विधानसभा के बाद में नगर परिषद के चुनाव होने जा रहे हैं. उनका कहना है कि अगर सक्षम नेतृत्व होगा तो चुनाव में कांग्रेस का परफार्मेंस भी ठीक रहेगा. शहर में कांग्रेस पक्ष को बचाना है. विदित हो कि कुछ ही दिनों पूर्व ठाणे जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने एक फरमान जारी करके कहा था कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आदेश जारी किया है कि लोकसभा के समय जो कांग्रेसी पक्ष छोड़कर गए हैं, उन्हें दोबारा पक्ष प्रवेश ना दिया जाए. इस फरमान पर टिप्पणी करते हुए मिलिंद पाटिल ने कहा है कि जो कांग्रेस में आना चाहते हैं, उन्हें दोबारा कांग्रेस में लिया जाए और सक्षम पदाधिकारियों को नियुक्त किया जाए. नहीं तो शहर में कांग्रेस कमजोर होती चली जाएगी. जिसका पुराने कट्टर कांग्रेसियों को आगे खुलकर आने के लिए कहा है.

मिलिंद ने ये भी कहा है कि हम सबको विश्वास में ना लेते हुए शहर के लिए नए अध्यक्ष को नियुक्त किया गया है, जिसका हमें अफसोस है. उन्होंने वरिष्ठों से अपील की है कि जो दोबारा कांग्रेस में आना चाहते हैं, उन्हें वापस लिया जाए.

# कल्याण में युवती के साथ दुष्कर्म

**कल्याण.** कल्याण की एक 21 वर्षीय हेयर ड्रेसर को उसका पुराना दोस्त एक बर्थडे में जाने के बहाने कल्याण पूर्व के लॉज में ले गया और वहां उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया. बाद में इस घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी और उसे एक लॉज रूम में बंद कर भाग गया. युवती ने उसके खिलाफ कोलसेवाड़ी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है.

आरोपी की पहचान रणविजय माधव सिंह (30, निवासी कालीमाता मंदिर, उतेकर चौक, नूतन स्कूल के पास, कल्याण पूर्व) के रूप में हुई है। पीड़िता कल्याण में हेयर स्टाइलिस्ट का काम करती है। यह घटना कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी में श्रीलॉज में हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी युवक एक-दूसरे जानते थे. आरोपी रणविजय सिंह ने पीड़िता से कहा कि उसके दोस्त का जन्मदिन है. रणविजय की बातों पर विश्वास कर पीड़िता रणविजय के साथ कल्याण पूर्व चली गयी. आरोपी पीड़िता को कोलसेवाड़ी के श्री लॉज में ले गया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसे एक लॉज के कमरे में बंद कर दिया गया और वहां से भाग निकला। इसकी जानकारी लॉज संचालक को हुई तो उसने लॉज का कमरा खोला. उस वक्त पीड़िता के अंदर होने का पता चला. पीड़िता ने रणविजय के खिलाफ कोलसेवाड़ी थाने में शिकायत दर्ज करायी है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## वाहन चालकों की जानलेवा रफ्तार

सड़क हादसों में ज्यादातर की वजह कुछ वाहन चालकों की ऐसी लापरवाही होती है, जिसमें इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि अन्य व्यक्ति के जीवन का भी कोई मोल है। यह सही है कि बहुत सारे लोग सड़क पर सावधानी और जिम्मेदारी से वाहन चलाते हैं और इस तरह वे सड़क पर सफर कर रहे अन्य लोगों के साथ-साथ अपनी जिंदगी की भी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। मगर ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो शायद यह मान कर चलते हैं कि उनके लिए दूसरों के जीवन की कोई अहमियत नहीं है।

दिल्ली से सटे नोएडा में बुधवार की रात तीन लोग सड़क के किनारे सो रहे थे, तब एक वाहन चालक उन तीनों को बुरी तरह कुचल कर फरार हो गया। उनमें से दो की मौत हो गई, तीसरा बुरी तरह घायल हो गया। इतना तय है कि हादसे के शिकार लोगों के पास शायद फिलहाल वही ठिकाना था और वे सड़क किनारे की किसी जगह को सुरक्षित मान कर वहां सो रहे थे। अगर किसी बेलगाम वाहन ने उन्हें कुचल डाला, तो इसे चालक की आपराधिक लापरवाही ही कहा जाना चाहिए।

निश्चित रूप से सड़कों के किनारे आसपास की जगहें सोने के लिए नहीं होती हैं और वहां हमेशा जोखिम बना रहता है। मगर एक समस्या यह है कि महानगरों में रोजी-रोटी की तलाश में आए किसी व्यक्ति के पास अगर पैसे का अभाव या किसी मजबूरी की वजह से रहने का ठिकाना नहीं है, तो उसे कई बार सड़कों के किनारे या फुटपाथों पर सोना पड़ जाता है। सरकार की ओर से घोषित तौर पर रैन बसेरे जैसी व्यवस्था है, लेकिन या तो वह बेघर लोगों की संख्या के लिहाज से अपर्याप्त है या फिर इस कदर कुव्यवस्था का शिकार है कि वहां ज्यादातर लोग नहीं जाना चाहते।

अक्सर ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं, जिनमें किसी वाहन चालक की लापरवाही की वजह से फुटपाथ पर सो रहे लोगों की कुचल कर मौत हो गई। यह समझना मुश्किल है कि इस तरह वाहन चला रहे किसी व्यक्ति को कितनी हड़बड़ी और कैसी बेफिक्री होती है कि उसे सड़क पर मौजूद अन्य लोगों की जिंदगी और हालात की अहमियत समझना जरूरी नहीं लगता।

# भारत को विकसित बनाने की चुनौतियां

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में ऐसी कोई बाजी पलटने वाली नीति या योजना नहीं दिखती, जैसी पहले और दूसरे कार्यकाल के बजटों में थी। इस बार के बजट में उज्ज्वला, शौचालय, आयुष्मान, हर घर नल से जल जैसी जनकल्याण वाली योजना शायद इसलिए नहीं है, क्योंकि अभी पुरानी योजनाओं का लाभ पूरी जनता तक पहुंचाया जाना शेष है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को जनकल्याण की इन योजनाओं का वैसा लाभ नहीं मिला, जैसी उसे आशा थी। इस बार बजट पहले से चली आ रही योजनाओं की निरंतरता पर ही अधिक केंद्रित है। इतना अवश्य है कि बेरोजगारी की चुनौती का सामना करने के लिए कई उपाय किए गए हैं।

बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मोदी सरकार को लगातार कठघरे में खड़ा कर रहे थे। बेरोजगारी दूर करने के लिए एक योजना संगठित क्षेत्र में पहली बार नौकरी पाने वालों के लिए है। सरकार इन कर्मचारियों को एक महीने का वेतन तीन किस्तो में देगी, जो अधिकतम 15 हजार रुपये होगा। एक अन्य योजना इंटर्नशिप की है, जो 500 बड़ी कंपनियों के जरिये संचालित होगी। इन कंपनियों के लिए यह योजना अनिवार्य नहीं है। सरकार का आकलन है कि इस योजना से पांच साल में एक करोड़ युवा लाभान्वित होंगे। अच्छा होता कि कौशल विकास की इस योजना को ऐसा कोई रूप दिया जाता, जिससे कंपनियां स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करतीं।

अभी यह कहना कठिन है कि



500 कंपनियों में इंटर्नशिप की योजना कितनी परवान चढ़ेगी, क्योंकि कारपोरेट जगत तो पैसे बचाने की चेष्टा करता रहता है। रोजगार को लेकर चिंतित सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि देश में अधिकांश रोजगार एमएसएमई क्षेत्र में हैं। एमएसएमई क्षेत्र में रोजगार कैसे बढ़ें, इस पर बजट में कोई स्पष्ट घोषणा नहीं है। यह ठीक है कि इस क्षेत्र के उद्योगों को सौ करोड़ रुपये तक का लोन देने की घोषणा की गई है, लेकिन आखिर इससे रोजगार कैसे बढ़ेंगे? देश के औसत उद्योग रोजगार के नए अवसर पैदा करने में इसलिए हिचकिचाते हैं, क्योंकि उनके लिए किसी को नौकरी देना जितना आसान होता है, उसे नौकरी से हटाना उतना ही कठिन। इसमें पुराने श्रम कानून आड़े आते हैं।

बजट में सरकार ने किसानों को खुश करने की कोशिश की है और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू करने की घोषणा की है, लेकिन कुछ किसान संगठन एमएसपी खरीद की गारंटी वाला कानून बनाने की अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। इन किसान संगठनों को यह समझना होगा कि किसी भी सरकार के लिए ऐसा कानून बनाना संभव नहीं। उन्हें और साथ ही सरकार को यह भी समझना होगा कि कृषि की उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है और कृषि क्षेत्र में जितना निजी निवेश होना चाहिए, उतना नहीं हो पा रहा है। इसीलिए कोल्ड चेन स्थापित करने का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। कृषि के उत्थान के लिए मोदी सरकार जो तीन कानून लेकर आई थी, वे यदि अस्तित्व में बने रहते तो किसानों का भला हो सकता था। दुर्भाग्य से कुछ किसान संगठनों की जिद के कारण इन कानूनों को वापस लेना पड़ा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश बजट की एक विशेष बात यह है कि सरकार ने यह समझा कि यदि देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ाना है तो शहरों का समुचित ढंग से विकास करना जरूरी है। वैसे तो शहरी विकास के लिए कई योजनाएं लाई गई हैं, लेकिन समस्या यह है कि शहरी विकास करना राज्य सरकारों और उनकी विभिन्न एजेंसियों की जिम्मेदारी है और वे उसके प्रति गंभीर नहीं। शहरी विकास के लिए जिम्मेदार एजेंसियां और विशेष रूप से नगर निगम भ्रष्टाचार और दलगत राजनीति के अड्डे बने हुए हैं। उनमें सुधार नहीं हो पा रहा है। इसी कारण प्रति वर्ष मानसून में नगर निगमों की कार्यप्रणाली की पोल ही खुलती है। इस बार बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश को जो विशेष सहायता दी गई, उस पर विपक्षी दल यह शोर मचाने में लगे हुए हैं कि प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार बचाने के लिए इन दोनों राज्यों पर खास मेहरबानी की। विपक्षी दलों और खासकर कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि संप्रग शासन के दौरान उसने भी अपने सहयोगी दलों वाले राज्यों की विशेष सहायता की थी। विपक्ष को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि बिहार देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता है और इस राज्य में आधारभूत ढांचे के निर्माण की सख्त जरूरत है।





यदि हम अपनी सच्ची अवस्था में वापस लौट सकें और जान जायें कि हम आत्मा हैं, तो हम स्थाई शांति व आनंद को पा लेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# खनिज पर हक किसका केंद्र या राज्य सरकार

केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे को लेकर कई बार विवाद उठ चुके हैं। केंद्रीय कर प्रणाली जीएसटी लागू होने के बाद भी कुछ चीजों पर करों और उपकरों के बंटवारे को लेकर सवाल उठते रहे हैं। खनिजों के स्वामित्व का प्रश्न भी उनमें एक है। केंद्र सरकार ने खनिजों पर कर और उपकर लगाना शुरू किया, तो कुछ कंपनियों और राज्य सरकारों ने इस पर सवाल उठाए। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने अब स्पष्ट कर दिया है खनिजों पर राज्य सरकारों का हक होता है। वे उनका पट्टा देने को स्वतंत्र हैं। इसके लिए किए गए करार की एवज में वे जो शुल्क प्राप्त करती हैं, उसे कर नहीं कहा जा सकता। वह रायल्टी की श्रेणी में आता है।

रायल्टी को कर नहीं कहा जा सकता। इस फैसले से खासकर ओड़ीशा और झारखंड को बड़ी राहत मिली है। हालांकि करीब पैंतीस वर्ष पहले भी एक सीमेंट कंपनी ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह मामला उठाया था कि केंद्र सरकार उससे उपकर नहीं वसूल सकती। तब अदालत ने कहा था कि खनिजों पर कर लगाने का अधिकार केंद्र सरकार को है। मगर दूसरे मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने करीब बीस वर्ष पहले उस फैसले को पलटते हुए कहा कि पुराना फैसला छापे की गलती से



भ्रामक हो गया था। केंद्र को खनिजों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है।

अब नौ न्यायाधीशों की पीठ ने इस मामले पर बहुमत से फैसला दिया है कि खनिजों पर राज्य सरकारों का अधिकार है। दरअसल, यह मामला इसलिए उलझा हुआ था कि संविधान में केंद्र को खदानों के आबंटन से संबंधित सीमाएं तय करने का अधिकार केंद्र सरकार को दिया गया है। मगर जमीन, भवन आदि पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को है। इसलिए केंद्र सरकार खनिजों पर कर लगाने लगी थी। अब सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि खनिज राज्य सरकार की संपदा हैं, इसलिए वह उसके पट्टे की कीमत तय कर सकती है। अगर खनिजों पर भी केंद्र सरकार कर वसूलने लगेगी, तो राज्यों को अपनी विकास परियोजनाओं के लिए धन जुटाना मुश्किल हो जाएगा। इस फैसले के बाद राज्य सरकारें केंद्र द्वारा वसूला गया कर वापस दिलाने की गुहार लगा रही हैं। हालांकि इसका निपटारा किस प्रकार होगा, देखने की बात है। राज्य सरकारों में अक्सर इस बात को लेकर असंतोष देखा जाता है कि केंद्र को जिस अनुपात में उनसे राजस्व प्राप्त होता है, उस अनुपात में उन्हें बजटीय आबंटन नहीं मिलता। जबसे जीएसटी लागू हुआ है, राज्यों में अपने हिस्से का राजस्व प्राप्त करने के लिए संघर्ष उभरता रहा है। इस तरह कई राज्यों में विकास परियोजनाएं ठहर जाती हैं। जाहिर है, सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले के बाद उन राज्यों को अपना राजस्व जुटाने में काफी मदद मिलेगी, जहां खनिज पदार्थों की बहुलता है। ओड़ीशा, मध्यप्रदेश, झारखंड आदि राज्यों में कोयला, सीमेंट, लौह अयस्क, पेट्रोलियम आदि पदार्थों की खदानें हैं, मगर वे उनका पूरा लाभ नहीं ले पातीं, क्योंकि उन पर अभी तक केंद्र सरकार भी अपना हक जताती आ रही थी। यह ठीक है कि राज्यों से प्राप्त राजस्व से ही केंद्र सरकार पूरे देश की विकास परियोजनाओं में संतुलन कायम करती है, मगर उनकी आय के निजी स्रोत नहीं होंगे, तो वे केंद्र के सामने हर वक्त याचक की मुद्रा में ही होंगी। इसलिए खनिज संपन्न राज्यों में कुछ बेहतरी की उम्मीद जगी है। मगर केंद्र को खनिजों के मनमाने दोहन पर नजर तो रखनी ही होगी।

# सतयुग से आज तक अमर है यह अक्षय वट का पेड़

प्रयागराज अपने धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है. यहां स्थित अक्षय वट का पेड़

**जरा हट के**

भारतीय पौराणिक कथाओं और धार्मिक मान्यताओं में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है. यह माना जाता है कि यह पेड़ सतयुग से लेकर आज तक अमर है. इस पेड़ को देवी का आशीर्वाद प्राप्त है. खास बात यह है कि इसे देखने के लिए पातालपुरी मंदिर जाना पड़ता है. दुनिया-देश के श्रद्धालु और पर्यटक इसे देखने समझने और परखने के लिए आते रहते हैं. अक्षय वट



का शाब्दिक अर्थ है 'अमर बरगद का पेड़'. 'अक्षय' का मतलब होता है 'अमर' या 'जो कभी नष्ट न हो' और 'वट' का मतलब होता है 'बरगद का पेड़'. यह पेड़ धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे अनंत काल से अमर माना जाता है. मान्यता है कि सतयुग के समय एक देवी ने इस पेड़ को आशीर्वाद दिया था, जिसके कारण यह पेड़ सदैव अमर रहेगा. यह भी कहा जाता है कि भगवान राम के वनवास के समय में माता सीता ने भी इस पेड़ के नीचे विश्राम किया था और इसे अपनी रक्षा के लिए आशीर्वाद दिया था.

### कहां है पातालपुरी मंदिर अक्षय वट का पेड़

पातालपुरी मंदिर के परिसर में स्थित है. पातालपुरी मंदिर एक प्राचीन मंदिर है, जो पाताल लोक के बारे में विभिन्न कथाओं से जुड़ा हुआ है. यहां आकर भक्त अक्षय वट के दर्शन करते हैं और इससे जुड़े धार्मिक महत्व का अनुभव करते हैं.

अक्षय वट मंदिर के पुजारी रविंद्र नाथ पुरी जी बताते हैं कि प्रयागराज का त्रिवेणी संगम, जहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम होता है. धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है. अक्षय वट का पेड़ इस पवित्र स्थल के निकट ही स्थित है और तीर्थयात्री यहां आकर अपनी धार्मिक यात्रा को संपूर्ण मानते हैं.

# डेंगू में कम होने लगता है प्लेटलेट्स

- जानिए क्यों जरूरी है प्लेटलेट
- कैसे बढ़ाएं इसकी मात्रा

देश के कई राज्य इन दिनों मच्छर जनित रोग डेंगू की चपेट में हैं। डेंगू एक वायरल संक्रमण है जो संक्रमित एडीज एजिप्टी मच्छरों के काटने से फैलता है। डेंगू के मुख्य लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द के साथ मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते होने की दिक्कत होने लगती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल सहित देश के पूर्वी राज्यों में भी इस रोग के मामले बढ़ रहे हैं। इस साल अब तक कर्नाटक में डेंगू के 10,000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं, जिनमें आठ की मौत हो गई है। दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में भी डेंगू संक्रमण के मामले बढ़ने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस वर्ष दिल्ली में डेंगू के मामले पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा हैं। एक जनवरी से 30 जून के बीच शहर में कुल 246 मामले दर्ज किए गए हैं,




### कैसे बढ़ाई जा सकती है इनकी मात्रा?

डॉक्टर बताते हैं, जीवनशैली में ऐसा कोई खास बदलाव नहीं है जो आपके रक्त प्लेटलेट काउंट को बढ़ाने में मदद करता हो। डेंगू में प्लेटलेट काउंट कम होने पर इलाज की जरूरत होती है ताकि रक्तस्राव की समस्या के साथ अन्य लक्षणों को कंट्रोल किया जा सके। डॉक्टर दवाओं के माध्यम से इसमें सुधार करते हैं। इसके अलावा ओमेगा-3, विटामिन, आयरन और अन्य खनिजों से भरपूर चीजों का सेवन बढ़ाने से आपके लाभ मिल सकता है। ये रोगजनकों से लड़ने में मदद करते हैं और डेंगू में प्लेटलेट काउंट भी बढ़ा सकते हैं। डेंगू रोगियों को अधिक से अधिक मात्रा में तरल पदार्थ, फलों के जूस, नारियल पानी की सेवन करना चाहिए।

जो 2019 के बाद से इस समयावधि में सबसे अधिक है। डॉक्टर कहते हैं, फिलहाल अस्पतालों में डेंगू के ज्यादा रोगी तो नहीं हैं हालांकि आशंका है कि रोगियों का संख्या बढ़ सकती है। डेंगू के लक्षणों की समय रहते पहचान और इलाज जरूरी है ताकि इसके गंभीर जोखिमों को कम किया जा सके।

### डेंगू और इसका खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, डेंगू के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। डेंगू के कारण आंतरिक रक्तस्राव होने का भी खतरा रहता है जिसे जानलेवा दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। डेंगू के अधिकतर रोगियों में ब्लड प्लेटलेट्स काउंट कम होने लग जाता है, इस स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता होती है। प्लेटलेट्स काउंट 40 हजार से कम होने को गंभीर स्थिति वाला माना जाता है। इसमें आपातकालीन चिकित्सा और अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत भी हो सकती है।

### ब्लड प्लेटलेट्स क्या होता है?

मायोक्लिनिक की रिपोर्ट के मुताबिक प्लेटलेट्स या थ्रोम्बोसाइट्स, हमारे खून में मौजूद छोटी कोशिकाओं के टुकड़े होते हैं जो रक्त का थक्का बनाने में मदद करते हैं। अगर ये न हों तो खून जमेगा नहीं और अत्यधिक रक्तस्राव का खतरा हो सकता है। प्लेटलेट्स हमारे बोन मैरो में बनते हैं। किसी तरह की चोट लगने पर, यही प्लेटलेट्स घाव के स्थान पर इकट्ठा होकर प्लग की तरह काम करते हैं और थक्का बनाने की प्रक्रिया में रक्त वाहिकाओं को सील कर देते हैं, जिससे रक्त आपके शरीर से बाहर जाने से रुक जाता है। डेंगू के मरीजों में इसी ब्लड प्लेटलेट्स की मात्रा कम होने लग जाती है।

### प्लेटलेट्स काउंट कितनी होनी चाहिए?

स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्लेटलेट काउंट 150,000 से 450,000 प्लेटलेट्स प्रति माइक्रोलीटर ब्लड तक होती है। डेंगू के मरीजों में प्लेटलेट काउंट कम होने की समस्या अधिक होती है। प्लेटलेट्स की मात्रा 150,000 से कम होना चिंताजनक माना जाता है। 50000 तक की मात्रा को गंभीर समस्याओं का संकेत माना जाता है, जिसमें आंतरिक रक्तस्राव होने का खतरा हो सकता है। यही कारण है कि डेंगू के गंभीर रोगियों को प्लेटलेट्स चढ़ाने की आवश्यकता हो सकती है।

# आलू की जलेबी

खाना-खजाना

अगर आप मैदा की जलेबी खाकर बोर हो गए हैं तो घर पर आसान तरीके से आलू की जलेबी ट्राई करें। सुनने में अजीब लगा न, लेकिन ये हकीकत है। आप आलू की मदद से भी जलेबी तैयार कर सकते हैं। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है। इसे खाने के बाद आप मैदे से बनी जलेबी तो भूल ही जाएंगे। आइए आपको भी बिना मैदे की जलेबी बनाना सिखाते हैं, ताकि आप भी इसे घर पर बनाकर इसके स्वाद का आनंद उठा सकें।

### सामग्री :

- तीन से चार मध्यम आकार के आलू
- दही एक कप
- अरारोट एक कप
- चीनी एक कप
- केसर के तीन से चार रेशे
- इलायची चार से पांच
- देसी घी

### विधि :

इस जलेबी को बनाने के लिए आपको सबसे पहले चाशनी तैयार करके रखनी है। चाशनी बनाने के



लिए एक कप चीनी और एक कप पानी को मिक्स करके पकाएं। जब ये पक जाए तो इसमें पिसी इलायची डालकर साइड में रख दें। इसके बाद अब जलेबी बनाने की प्रक्रिया शुरू करें।

जलेबी बनाने के लिए सबसे पहले आलूओं को उबाल कर छीलकर अच्छी तरह से मैश कर लें। अब मैश किए हुए आलुओं में दही और अरारोट डालकर इसका पेस्ट बनाएं।

ध्यान रखें कि इसका बेस्ट साधारण जलेबी के जितना ही गाढ़ा होना चाहिए। अगर ये ज्यादा पतला रहेगा तो आप जलेबी नहीं बना पाएंगे। जब घोल बन के तैयार हो जाए तो इसमें केसर के रैशे डालें, ताकि जलेबी का रंग अच्छा हो जाए।

# घर से आ रही है गंदी बदबू?

## इन टिप्स को करें फॉलो, खुशबू से महक उठेगा आशियाना

बरसात के मौसम में घर को सही तरह से साफ न किया जाए, तो यह आपकी परेशानी को और भी बढ़ा सकता है. इन दिनों बीमार पड़ने का खतरा सामान्य दिनों की तुलना में अधिक होता है. इसलिए, घर को कीटाणु मुक्त रखने के लिए एंटी-बैक्टीरियल सॉल्यूशन का उपयोग करना चाहिए. इस लिक्विड को पानी में डालकर पोछा लगाएं, ताकि कीटाणु मर जाएं. साथ ही कुछ और उपायों को अपनाकर भी आप बरसात में घर को साफ-सुथरा रख सकते हैं.



### बारिश के दिनों में इनडोर प्लांट लगाएं

बारिश के दिनों में इनडोर प्लांट मनी प्लांट, स्नेक प्लांट लगाकर आप अपने घर को और खुद को ठीक रख सकते हैं. ये पौधे न केवल आपके घर और बालकानी को आकर्षक रूप देते हैं, बल्कि हवा को भी शुद्ध करते हैं. घर का तापमान भी संतुलित रहता है. घर के अंदर मौजूद यह हरियाली आपको सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है.

### रूम फ्रेशनर का उपयोग करें

बरसात के मौसम में घर में सीलन की समस्या आ सकती है. धूप की कमी के चलते कपड़े भी नहीं सूखते जिसकी वजह से घर में सीलन और उमस की दुर्गंध आने लगती है. इस दुर्गंध से निजात पाने के लिए रूम फ्रेशनर का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि घर तरोताजा और महकता रहे. बाजार में कई तरह के कीटाणु मुक्त करने वाले रूम फ्रेशनर और एयर फ्रेशनर आते हैं.

### वेंटिलेशन का रखें खास ख्याल

बरसात के मौसम में कहीं आया-जाया नहीं जा सकता. ऐसे में घर पर बैठे-बैठे माहौल थोड़ा गंभीर हो सकता है. घर के वेंटिलेशन पर ध्यान दें, ताकि बाहर की ताजगी ठंडी हवा घर में आती रहे और माहौल में ताजगी बनी रहे. इसके अलावा इस मौसम में कपड़ों में धूप नहीं लग पाती, जिस वजह से ये हल्के गीले महसूस होते हैं. उनमें से दुर्गंध आने लगती है. इससे बचने के लिए आप अपने कपड़ों की अलमारी में कपूर, नीम के पत्ते या इलाचयी रख सकती हैं. इससे आपके कपड़ों में दुर्गंध नहीं आएगी और कपड़े बैक्टीरिया मुक्त रहेंगे.

# घर पर बने फ्रेंच फ्राइज में नहीं भरेगा तेल



### अपनानी होगी ये ट्रिक

अगर फ्राइज में ज्यादा तेल भर जाता है, तो आलू को कम गर्म तेल में फ्राई करने की गलती ना करें। अगर आपने फ्राइज को फ्रीजर में स्टोर किया है तो इसे फ्रिज से निकालने के बाद तुरंत फ्राई न करें। फ्राइज को हमेशा तेज आंच पर हल्का ब्राउन होने तक सेक लें।

### अपनाएं ये तरीका

फ्राइज बनाने के लिए आलू को लगभग दो बार फ्राई किया जाता है, तब जाकर आलू क्रिस्पी होते हैं। इसके लिए सबसे पहले पहली बार फ्राइज को पहली बार हल्की आंच पर डीप फ्राई करें। फिर इन्हें एक प्लेट में निकालें और अब गैस का फ्लेम तेज कर दें। फिर दोबारा आलू को कड़ाही में डालें और क्रिस्पी होने तक डीप फ्राई कर लें।

### ठंडे पानी का करें इस्तेमाल

घर पर फ्राइज बनाते समय आपको छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखना चाहिए। अच्छे फ्राइज बनाने के लिए आलू को पानी में कम से कम आधे घंटे के लिए भिगोएं। ऐसा करने से आलू में मौजूद स्टार्च बाहर निकल जाता है। जब आप ऐसा करते हैं तो आलू के आपस में चिपकने की संभावना कम हो जाती है।

### यूं बढ़ाएं कुरकुरापन

अगर आप मार्केट जैसे फ्राइज बनाना चाहते हैं तो चावल के आटे का इस्तेमाल करें। इसे इस्तेमाल करने के लिए आलू काटने के बाद इसके ऊपर चावल का आटा डालें और फिर डीप फ्राई करें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें। बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ :** कोई बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी।

**मिथुन :** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कोर्ट के अटके कामों में अनुकूलता आएगी।

**कर्क :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। जोखिम न लें। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी।

**सिंह :** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे। जल्दबाजी न करें। कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे।

**कन्या :** संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी।

**तुला :** विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। प्रमाद न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है। उकसाने में न आकर महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लें.

**धनु :** कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रमाद न करें। जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**मकर :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। प्रमाद न करें। किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें। भ्रम की स्थिति बन सकती है। सावधानी रखें।

**कुंभ :** घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं। किसी बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। खर्च सामने आएंगे।

**मीन :** चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। जोखिम न लें। आंखों को चोट व रोग से बचाएं। हल्की हंसी-मजाक किसी से भी न करें। नकारात्मकता रहेगी। अकारण क्रोध होगा। फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तु गुम हो सकती है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### फरार थानेदार ने गोरखपुर में किया सरेंडर

**बलिया.** बलिया जिले के भरौली बॉर्डर पर छापेमारी कर अवैध वसूली के मामले में फरार चल रहे नरही थाने के थानेदार पन्नेलाल कन्नौजिया को रविवार को बलिया पुलिस ने गोरखपुर से दबोच लिया। गिरफ्तारी के लिए पन्नेलाल के गांव पहुंची बलिया एसओजी ने उसकी पत्नी और परिवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने का जैसे ही दबाव बनाया, पन्नेलाल ने सरेंडर कर दिया। बलिया एसओजी उसे अपने साथ लेकर चली गई।

### पंचायत का अजीबोगरीब फरमान; महिला के कटवाए बाल, मुंह पर कालिख भी पोती

**प्रतापगढ़.** प्रतापगढ़ से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां हथिगवा थाना क्षेत्र मे रविवार को प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर एक महिला को कुछ इस तरह की तालिबानी सजा सुनाई गई कि जिसके बाद गांव में तनाव फैल गया। ये घटना कुढ़ा गांव के इब्राहिमपुर का है। जानकारी के मुताबिक एक महिला का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रही थी। महिला के जेठ ने रविवार को उसे युवक के संग पकड़ लिया। जिसके बाद ग्राम प्रधान समेत कई लोगों के साथ पंचायत हुई। मौजूद लोगों ने कहने पर महिला का मुंह काला करने के बाद उसके बाल काटकर उसे बेइज्जत किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में 14 लोगों को हिरासत में ले लिया।

### कलयुगी बेटे ने उठाया खौफनाक कदम, पिकअप से पिता समेत आठ को रौंदा

**आजमगढ़.** आजमगढ़ में एक कलयुगी बेटे ने खौफनाक कदम उठाया। उसने पिता समेत आठ लोगों को पिकअप से रौंद दिया। वहीं, इस घटना में पिता की मौत हो गई। चपेट में आने से पास-पड़ोस के सात लोग घायल हो गए। जिनमें से 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। उधर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

ये घटना गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर रजमो का है। सिधारीगंज बाजार में 50 साल के सलाउद्दीन परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे सलाउद्दीन के बड़े बेटे अफरोज और छोटे बेटे फिरोज में पिकअप चलाने को लेकर विवाद हो गया। परिवार के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया। फिरोज पिकअप लेकर बाजार चला गया। उसके जाने के बाद अफरोज फिर से घर में विवाद करने लगा। उसने सलाउद्दीन के साथ ही अपनी मां और बहन के साथ मारपीट शुरू कर दिया। इस बीच फिरोज पिकअप लेकर वहां पहुंचा और पिता सलाउद्दीन समेत वहां खड़े सभी लोगों को रौंदते हुए चला गया। पिकअप की चपेट में आने से सलाउद्दीन, पड़ोसी 50 वर्षीय संतोष गोंड़ और उनके तीन बेटे 22 वर्षीय सुनील गोंड़, 19 वर्षीय विष्णु गोंड़ और 17 वर्षीय अभिमन्यु घायल हो गए।

# दिल्ली की IAS कोचिंग में 3 स्टूडेंट की मौत

- पावर कट से बेसमेंट में लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम
- 3 मिनट में 12 फीट पानी भरा

**नई दिल्ली.** दिल्ली में शनिवार शाम को हुई बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ IAS कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। जलभराव के कारण 3 स्टूडेंट की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शाम 7 बजे सूचना मिलने के बाद NDRF को बुलाया गया। देर रात को 3 स्टूडेंट के शव और 14 छात्रों को सुरक्षित निकाला गया।

शनिवार रात को बिल्डिंग में पावर कट के कारण बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम हो गया। स्टूडेंट अंधेरे में लाइब्रेरी के अंदर फंस गए। गेट बंद होने के कारण पानी शुरुआत में बेसमेंट में नहीं घुसा था, लेकिन कुछ मिनट बाद ही पानी का प्रेशर तेज हुआ और गेट टूट गया। गेट टूटने के बाद पानी तेजी से बेसमेंट में भरने लगा।




चश्मदीद ने बताया कि बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल हो रहा था। कुछ सेकेंड में ही घुटनों तक पानी भर गया। ऐसे में स्टूडेंट बेंच पर खड़े हो गए। महज 2-3 मिनट में ही पूरे बेसमेंट में 10-12 फीट पानी भर गया। बाद में बच्चों को बचाने के लिए रस्सियां फेंकी गईं, लेकिन पानी गंदा था, इसलिए रस्सी दिखाई नहीं दी।

कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, दिल्ली के LG वीके सक्सेना ने डिविजनल कमिश्नर से मंगलवार तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

#### सड़क पर जलभराव के कारण बेसमेंट से पानी निकालने में देरी हुई

फायर ऑफिसर ने बताया कि फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां भेजी गई थीं। सड़क पर पानी भरे होने के कारण शुरुआत में बेसमेंट से पानी नहीं निकल रहा था। कुछ देर बाद जब सड़क से पानी कम हुआ, तब जाकर बेसमेंट से पानी निकलना शुरू हुआ। हमने पंप लगाकर पानी निकाला। इसके बाद छात्रों के शव मिलना शुरू हुए।

पुलिस ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान पानी में बेंच तैर रही थी। इसलिए बच्चों को बाहर निकालने में दिक्कतें हुईं। देर रात को जब रेस्क्यू आखरी चरण में था, तब भी 7 फीट तक पानी अंदर भरा हुआ था। 14 बच्चों को रस्सियों के सहारे सुरक्षित निकाला गया।

# महाराष्ट्र के पूर्व DGP ने किया विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान

**मुंबई.** पुलिस की नौकरी से वीआरएस लेकर कई अधिकारी चुनाव लड़ चुके हैं. अब महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक संजय पांडे ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव मुंबई के वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र से लड़ने जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे. संजय पांडे ने समाचार एजेंसी से कहा कि मैं लंबे समय से सक्रिय राजनीति में आने के बारे में सोच रहा हूं, लेकिन इस बार यह तय है कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ूंगा. अब तक मैंने उस क्षेत्र से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतने का फैसला किया है, जहां पिछले कई सालों से रह रहा हूं और मैं सभी वर्गों का समर्थन का स्वागत करता हूं.



#### बनाएंगे राजनीतिक संगठन

मुंबई पुलिस कमिश्नर रह चुके संजय पांडे ने कहा कि उन्होंने किसी भी राजनीतिक दल से संपर्क नहीं किया है. उन्होंने कहा कि वह अपना खुद का राजनीतिक संगठन बनाएंगे और उसके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है. बता दें कि संजय पांडे को कथित फोन टैपिंग मामले में सितंबर 2022 से सीबीआई ने गिरफ्तार किया था, लेकिन बाद में दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी.

# कई राज्यों के बदले गए राज्यपाल

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति ने द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कई राज्यों के लिए नए राज्यपालों की नियुक्ति की घोषणा की है। इन नियुक्तियों से संबंधित जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। बता दें गंगवार पहले केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं, अब वह झारखंड के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ के लिए रेमन डेका को राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे बनवारीलाल पुरोहित का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

अब असम के वर्तमान राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का गवर्नर बनाया गया है। पंजाब के साथ ही कटारिया को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। वहीं झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अब महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

मेघालय के नए राज्यपाल के रूप में सीएच विजयशंकर की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है और उन्हें मणिपुर की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

#### यहां देखें नए राज्यपालों की पूरी सूची:

- हरिभाऊ बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल बनाया गया है।
- जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।
- ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है।
- संतोष गंगवार को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।
- रमन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल बनाया गया है।
- सीएच विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।
- सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।
- गुलाब चंद कटारिया को असम से पंजाब और चंडीगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।
- लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम से असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है और उन्हें मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

# महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार की सुगबुगाहट तेज

- जल्द हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार
- शिंदे गुट के नेता ने कर दिया दावा

**मुंबई.** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति की सरकार का कैबिनेट विस्तार अगले हफ्ते हो सकता है. शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने शुक्रवार को इसको लेकर बयान दिया. उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है. संजय शिरसाट ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और



देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को एक बैठक की थी और बैठक के दौरान मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा हुई होगी.

#### शिवसेना को मिलने चाहिए ज्यादा मंत्री पद

छत्रपति संभाजीनगर से शिवसेना विधायक ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार होना चाहिए और यह अगले सप्ताह हो सकता है. वहीं मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी को लेकर संजय शिरसाट ने ये भी कहा कि उनकी पार्टी (शिवसेना शिंदे गुट) को 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के दौरान अपने विधायकों द्वारा किए गए बलिदान की वजह से ज्यादा मंत्री पद मिलने चाहिए.

#### कैबिनेट विस्तार से होगा फायदा

दरअसल, शिरसाट खुद मंत्री बनने की आकांक्षा रखते हैं और अतीत में सार्वजनिक रूप से इसे व्यक्त कर चुके हैं. हालांकि, सरकार में शामिल होने वालों को काम करने के लिए कुछ ही दिन मिल सकते हैं क्योंकि अगले दो महीनों में विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने की उम्मीद है. शिरसाट ने कहा कि मेरी राय ये है कि इससे महायुति (शिवसेना, भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी का सत्तारूढ़ गठबंधन) को फायदा होगा यही कारण है कि विस्तार होना चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि जुलाई 2023 में अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद शिवसेना की संभावनाएं प्रभावित हुईं. पवार आठ विधायकों के साथ शामिल हुए, जिनमें से सभी को मंत्री बनाया गया. शिवसेना की संख्या बढ़नी चाहिए क्योंकि उनके बलिदान के कारण ही सरकार बनी थी, शिरसाट ने शिंदे के नेतृत्व में विधायकों के विद्रोह का जिक्र करते हुए कहा, जिसके कारण जून 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी का पतन हो गया.

### भाजपा कार्यकर्ता को पीटने के बाद थूक कर चटवाया

**आगरा.** आगरा के ताजगंज थाने की तोरा चौकी पर कलाल खेरिया निवासी भाजपा कार्यकर्ता कृष्ण कुमार से मारपीट और थूक चटवाने के आरोप के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

चौकी इंचार्ज तोरा आकाश सिंह यादव को डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने शनिवार को लाइन हाजिर कर दिया। एसीपी की जांच में वीडियो में कैद चार पुलिसकर्मी और फंस गए हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ अमानवीय हरकत से लोधी समाज में आक्रोश है। दरोगा के खिलाफ मुकदमे की मांग कर रहे हैं। चेतावनी दी गई है कि पुलिस आयुक्त का घेराव करेंगे।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुमारस्वामी की नाक से अचानक बहने लगा खून

**बेंगलुरु.** केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को रविवार को अस्पताल लेकर जाना पड़ा। दरअसल, बेंगलुरु में आज वह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नाक से अचानक खून बहने लगा। न्यूज एजेंसी एएनआई ने इस घटनाक्रम का वीडियो क्लिप जारी किया है, जिसमें कुमारस्वामी की नाक से खून बहते देखा जा सकता है। मालूम हो कि मोदी 3.0 में जनता दल सेक्युलर के नेता को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वह कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। अगर कर्नाटक की राजनीतिक हलचलों की बात करें तो उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एचडी कुमारस्वामी 2028 में मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। उनकी प्रतिक्रिया कुमारस्वामी के अगले चुनाव में सत्ता हासिल करके रामनगर का नाम वापस बहाल करने की घोषणा के बाद आई है। शिवकुमार ने कुमारस्वामी पर लगातार कांग्रेस पार्टी के पतन की साजिश रचने और अपनी राजनीति को इसके इर्द-गिर्द केंद्रित करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुमारस्वामी के कार्यकाल के दौरान रामनगर का नाम बदलना अवैध था।

# जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में भीषण हादसा

- खाई में गिरी कार
- 5 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत

**अनंतनाग.** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। सिमथान-कोकेरनाग रोड पर एक



वाहन खाई में गिर गया, जिससे उसमें सवार 5 बच्चों सहित 8 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतकों में 2 महिलाएं भी हैं। यह भी सामने आया है कि हादसे में जान गवांने वाले सभी लोग एक ही परिवार से थे। रिपोर्ट के मुताबिक, यह गाड़ी मडवा किश्तवाड़ से होकर आगे बढ़ रही थी, इसी दौरान ड्राइवर ने कार से अचनाक नियंत्रण खो दिया। पुलिस ने इसे लेकर मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच चल रही है।

# अस्पताल में मानसिक रोगी का उत्पात

**कुरनूल.** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के एक सरकारी अस्पताल में मानसिक रोगी के उत्पात से दहशत फैल गई। यह घटना कुरनूल के अरेकल गांव के निवासी एडिगा राघवेंद्र की है, जिसे मानसिक अस्थिरता के कारण इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। एडिगा के परिवार का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति इतनी बिगड़ चुकी थी कि उसे घर पर नहीं रखा जा सकता था, इसलिए उसे अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय लिया गया। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, एडिगा को वार्ड में भर्ती कराने के बाद उसने अचानक हिंसा शुरू कर दी। एडिगा ने अस्पताल के बिस्तर पर कूदना शुरू कर दिया और सलाइन रखने वाले लोहे के स्टैंड को उठाकर अन्य मरीजों को धमकाना शुरू कर दिया। इस घटना ने अस्पताल में अफरातफरी मचा दी, जिससे अन्य मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई। अस्पताल के कर्मचारियों ने मरीज को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन उनकी उपस्थिति ने एडिगा को और भी क्रोधित कर दिया।

# गंभीर के लिए गोल्डेन आर्म बन गए रियान पराग

श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को टीम इंडिया ने रहला टी20 मुकाबला 43 रन से जीत कर शानदार आगाज किया, लेकिन जब टॉस के समय भारतीय टीम का ऐलान हुआ, फैंस ने कई बातों को लेकर हेड कोच गौतम गंभीर को कोसना शुरू कर दिया. फिर चाहे जिंबाब्वे के खिलाफ पिछले दिनों प्लेयर ऑफ वॉशिंगटन सुंदर को इलेवन से बाहर रखना हो, या फिर रिंकू सिंह से पहले रियान पराग को बैटिंग के लिए भेजना, गौतम को सोशल मीडिया पर फैंस की तीखी आलोचना झेलनी पड़ रही थी, लेकिन जिस रियान के लिए गौतम गाली खा रहे थे, वही आखिरी में उनके लिए जादुई हाथ बन गए.




#### फैंस का बढ़ गया था गुस्सा

यूं तो फैंस पहले से ही रियान के इलेवन में चयन से थोड़ा हैरान थे कि वॉशिंगटन को क्यों नहीं खिलाया. ऊपर से जब पराग जब 6 गेंदों पर 7 ही रन बना सके, तो यह गुस्सा और ज्यादा बढ़ गया. पराग को लेकर सैमसन के चाहने वाले भी खफा था, लेकिन इस निराशा को और गंभीर के उन्हें खिलाने को लेकर हुई आलोचना को पराग ने बॉलिंग से खत्म कर दिया.

#### ...और ठोंक दी आठ गेंदों में आखिरी कील

यह तो काफी पहले ही साफ हो गया था कि श्रीलंका किसी भी हाल में यह मुकाबला नहीं जीतेगा. और बस उसकी हार की औपचारिकता ही पूरी होनी बाकी थी, लेकिन गौतम ने आखिरी पलों में जब रियान को गेंद सौंपी तो, उन्होंने आखिरी कील ठोंकने में देर नहीं लगाई. पहले उन्हें अपने पहले और 18वें ओवर की पहली गेंद पर हसारंगा को चलता किया, तो ठीक अगले और 19वें ओवर की शुरुआती दोनों गेंदों पर लगातार विकेट चटकाकर श्रीलंका की पारी का समापन कर दिया. कुल मिलाकर रियान ने 1.2 ओवर यानी आठ गेंद फेंकी और इसमें उन्होंने 5 रन देकर तीन विकेट लिए.

# सावधान ! मणिपुर हिंसा को लेकर 30-40 फेक वीडियो वायरल

- सेना को बदनाम करने की साजिश

**इंफाल.** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पीसी नायर ने आगाह किया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे कई सारे वीडियो सामने आए हैं, जिन्हें मणिपुर का बताया जा रहा है। इनमें जिस तरह की हिंसा दिखाई गई है, उसका उत्तर-पूर्व से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, 'इस तरह के कई फर्जी



वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। मैंने ऐसे 30-40 वीडियो देखे हैं जिन्हें मणिपुर का बताया जा रहा है। ये वीडियो या तो म्यांमार के हैं या फिर कहीं और के होंगे। कुछ वीडियो तो रोहिंग्या इलाके के हैं जिन्हें मणिपुर में हो रहे अत्याचार के तौर पर पेश किया जा रहा है।'

डीजी नायर ने कहा कि कुछ लोग अपने छिपे हुए एजेंडे को फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। यह दिखाने का प्रयास हो रहा है कि सुरक्षा बल यहां पर अत्याचार कर रहे हैं। ऐसे फर्जी वीडियोज का मकसद इलाके में तनाव पैदा करना है। उन्होंने कहा कि वीडियो से छेड़छाड़ की जा रही है और सुरक्षा बलों को स्थानीय लोगों के खिलाफ काम करने वाला बताया जा रहा है। डीजी ने कहा कि वास्तविक घटनाओं के कुछ हिस्सों के क्लिप निकाले जा रहे हैं और उन्हें गलत कहानी के साथ फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की ओर से जो ऐक्शन लिए जा रहे हैं, उन्हें अलग प्रोपेगेंडा के साथ पेश किया जा रहा है।

#### सावधानी बरतने की जरूरत...

असम राइफल्स के महानिदेशक ने कहा कि इस तरह के वीडियो को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। जब तक आप पूरा वीडियो न देख लें तब तक किसी नतीजे पर न पहुंचें। आपको इस तरह के वीडियो को लेकर हर एक फैक्ट जानना चाहिए। वहीं, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते दिनों राज्य में हिंसा को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा, 'राज्य में धीरे-धीरे शांति लौट रही है और हमें इसे बनाए रखने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करना चाहिए। हमें हिंसा के कृत्यों की निंदा करनी चाहिए और उन्हें रोकने के लिए सक्रिय रूप से काम करना चाहिए।' सिंह ने कांग्रेस के उन आरोपों का भी जवाब दिया जिनमें कहा गया कि केंद्रीय बजट में मणिपुर के लिए किसी सहायता का उल्लेख नहीं

# डोडा हमले में शामिल 3 आतंकवादियों के स्केच जारी

**डोडा.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को डोडा जिले में सक्रिय तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए और उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए गए हैं जो डोडा और देसा इलाके के ऊपरी इलाकों में घूम रहे हैं। पुलिस ने कहा कि तीनों आतंकवादी देसा के उरार बागी इलाके में हाल ही में हुई आतंकी घटनाओं में शामिल थे और उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर 5 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया गया है।

डोडा हमले में एक कैप्टन समेत चार सैनिक शहीद हो गए थे। जम्मू क्षेत्र स्थित डोडा में हाल के



महीनों में कई आतंकवादी घटनाएं हुई हैं।

सुरक्षा एजेंसियां इन वारदातों को पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं द्वारा पहाड़ी जिले में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयास के तौर पर देख रही हैं। आतंकवादियों के स्केच जारी करते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ये तीनों जिले के ऊपरी इलाकों, खासकर डेसा जंगल में घूम रहे हैं, जहां 16 जुलाई को एक आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान हुई एक मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और तीन सैनिक शहीद हो गए थे।

# उत्तर प्रदेश में बाढ़, 350 गांव डूबे

- UP-उत्तराखंड में बारिश से 24 घंटे में 4 मौतें
- आज 22 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली.** उत्तर प्रदेश में तेज बारिश के चलते कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित लखीमपुर खीरी है। यहां 5 तहसीलों के 350 गांवों में पानी घुस गया है। वहीं, ललितपुर में बारिश से गोविंद सागर बांध के 4 और गेट खोलने पड़े। पहले से ही 16 गेट खुले हैं। इससे आस-पास के इलाकों में पानी भर गया।



शनिवार को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के चलते चार लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के नई टिहरी में भूस्खलन से एक मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में अपने गांव में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र में 24 जुलाई को पुणे में हुई भारी बारिश में बहे 26 साल के शख्स का शव शनिवार को बरामद हुआ। पुणे में बुधवार से अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं नवी मुंबई में शनिवार को एक इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मौसम विभाग ने आज 22 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

#### कहां बहुत भारी और कहां भारी बारिश का अलर्ट

**बहुत भारी बारिश का अलर्ट:** राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल

**भारी बारिश का अलर्ट:** उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश

**तूफान और बिजली गिरने का अलर्ट:** महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, तमिलनाडु, पुडुचेरी

संक्षेप...

## उरण और उल्वे के बाजार रहे बंद

**पनवेल.** उरण में भी एक 20 वर्षीय यशश्री शिंदे की निर्मम हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया. बताया गया कि यशश्री शिंदे दो दिन पहले लापता हो गई थी. उरण में एन आई स्कूल के पास रहने वाली यशश्री का शव कोटनाका पेट्रोल पंप के पास मिला। यह खबर उरण शहर में फैलने के बाद अब नवी मुंबई और उरण के नागरिकों में काफी गुस्सा है. इस हत्याकांड से नाराज उरण के नागरिकों ने उरण के बाजार बंद रखते हुए पुलिस स्टेशन पर मोर्चा निकाला। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस हत्याकांड के आरोपी दाऊद शेख को पुलिस ने कर्नाटक सीमा से गिरफ्तार कर लिया है।

# भिवंडी में 5 अवैध बिल्डिंगों को गिराने का आदेश

### बिल्डर पर 8 करोड़ जुर्माना

**भिवंडी.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने भिवंडी के काल्हेर इलाके में सरकारी जमीन पर बनाई गईं 5 अवैध बिल्डिंगों को गिराने का निर्देश दिया है। बिना अनुमति के बनाई गईं इन बिल्डिंगों को डिमॉलिश करने का जिम्मा कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव, एमएमआरडीए, ठाणे कलेक्टर और तहसीलदार को दिया है। अगले साल यानी 1 फरवरी 2025 तक इन बिल्डिंगों को ढहाने का काम पूरा करना होगा। फ्लैट धारकों को दूसरी जगह शिफ्ट होने के लिए पर्याप्त समय मिले, इसलिए कार्रवाई की यह समय सीमा तय की गई है। इससे पहले, कोर्ट ने कलेक्टर को फ्लैटधारकों को एक माह के भीतर घर खाली करने का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। ताकि फ्लैटधारकों को 6 महीने का समय मिल सके। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समय में घर नहीं खाली किए जाते हैं, तो कलेक्टर पुलिस की मदद से बिल्डिगों को खाली कराए। फिर बिल्डिंगों को गिराया जाए।



**'अधिकारियों की उदासीनता से बढ़ती है अराजकता'**

बिल्डिंगों के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में तहसीलदार और एमएमआरडीए के उदासीन रवैए पर बेंच ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। बेंच ने कहा कि ऐक्शन के संबंध में अथॉरिटी की बेरुखी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आश्चर्यजनक है। अधिकारियों का यही रवैया खुलेआम सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण और अराजकता को बढ़ावा देता है। यह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। सरकारी अधिकारी यह न भूलें कि वे सरकारी भूमि के ट्रस्टी हैं। इसलिए जमीन की सुरक्षा उनका दायित्व है। वे किसी भी स्थिति में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की अनुमति नहीं दे सकते हैं।

### 'दो महीने में दिए जाएं मुआवजा'

मामले से जुड़े डिवेलपर को जस्टिस एम. एस. सोनक और जस्टिस कमल की बेंच ने 8 करोड़ रुपये अदालत में जमा करने का निर्देश दिया है। ठाणे कलेक्टर को सभी फ्लैट धारकों के बीच उचित अनुपात में दो माह में मुआवजे के तौर पर यह रकम वितरित करनी होगी। बेंच ने साफ किया है कि रकम मिलने के बावजूद फ्लैट धारक डिवेलपर के खिलाफ अलग से मुकदमा चलाने के लिए स्वतंत्र होंगे। कोर्ट ने यह फैसला भिवंडी निवासी सुनील विश्वनाथ की याचिका पर सुनाया है।

### 'ऐक्शन में 11 साल की देरी न्यायसंगत नहीं'

सुनवाई के दौरान बेंच ने पाया कि तहसीलदार की ओर से 23 दिसंबर 2013 को इन बिल्डिंगों को गिराने का आदेश जारी किया गया था। बावजूद इसके बिल्डिंगों के खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया गया। कार्रवाई में 11 साल की देरी बिल्कुल भी न्यायसंगत नहीं है। ऐक्शन को लेकर एमएमआरडीए और तहसीलदार ने जैसे एक-दूसरे पर जिम्मेदारी ढकेली है, वह बिल्कुल उचित नहीं है। खास तौर से तब, जब डिमॉलिशन के आदेश पर किसी कोर्ट ने कोई रोक नहीं लगाई थी।

### अधिकारियों की भूमिका की भी हो जांच

बेंच ने इस आदेश पर अमल के संबंध में ठाणे कलेक्टर से 15 फरवरी 2025 तक रिपोर्ट मंगाई है। दायित्व के निर्वहन में विफलता के लिए बेंच ने राज्य सरकार को कशेली और काल्हेर ग्राम पंचायत के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई का निर्देश दिया है, क्योंकि यह इमारतें उन्हीं के अधिकार क्षेत्र में बनाई गई थीं। निर्माण कार्य की मंजूरी देने के लिए अधिकृत न होने के बावजूद बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन की अनुमति दी थी।

## स्वानंद बाबा आश्रम में सुंदरकाण्ड पाठ व भंडारे का आयोजन

**ठाणे.** हर शनिवार की भांति इस शनिवार को येऊर पहाड़ी स्थित परम पूज्य स्वानंद बाबा आश्रम पर सुंदरकांड का पाठ व साप्ताहिक शनीचरी भंडारे का आयोजन किया गया। इस साप्ताहिक भंडारे में बने प्रसाद का लाभ लेने येऊर के स्थानिक आदिवासी सहित बड़ी संख्या में भक्तों का जमावड़ा होता है। यह साप्ताहिक अनुष्ठान आश्रम के मुख्य न्यासी पंडित दुर्गा प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में किया जाता है। इस कार्यक्रम में गामा मिश्र, शालू बोरकर, श्रीधर उपाध्याय, शुभम सिंह, अशोक यादव, प्रद्युमन, संतोष गुप्ता, पूजा ताई डेढवनकर, सोनू यादव, शुभम, चेतन, सतीश शर्मा, विशाल राय, विजय सिंह रावत एवं निशांत सहित अनेक भक्त उपस्थित थे।

# 20 साल की लड़की की चाकू मारकर हत्या



**नवी मुंबई।** नवी मुंबई में एक बेहद हैरान कर देने वाला सामने आया है। यहां एक 20 साल की लड़की की उसके प्रेमी ने बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी। पीड़िता का शव शनिवार को नवी मुंबई के उरण में एक रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में मिला। पीड़िता की पहचान उरण निवासी यशश्री शिंदे के रूप में हुई है, जो बेलापुर में एक कंपनी में काम करती थी।

पुलिस बताया कि वारदात वाले दिन लड़की ने सिर्फ आधे दिन ही काम किया था। वह काफी देर रात तक घर पर नहीं लौटी तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू कर दी लेकिन वे अपने प्रयास में असफल रहे। बाद में, गुरुवार को उरण के एक स्थानीय पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई। रात करीब 2 बजे सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों के अंदर एक महिला का शव मिला है, जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता के शव का पता लगा लिया। प्रेमी की तलाश कर रही पुलिस एक टीम ने तुरंत शव को नजदीकी अस्पताल भेजा, जहां पीड़ित के परिवार ने इसकी पहचान की। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है और पुलिस को संदेह है कि यह अपराध प्रेम प्रसंग को लेकर किया गया है। लड़की का प्रेमी भी लड़की के साथ लापता हो गया है और अभी तक नहीं मिला है। वह प्राथमिक संदिग्ध है। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं।

## सिलेंडर विस्फोट में दो लोग घायल; इलाज जारी

**मुंबई.** विक्रोली इलाके से है जहां एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां की श्रीराम सोसाइटी में सिलेंडर विस्फोट हो गया और इस विस्फोट में दो लोग झुलस गए। घायलों को इलाज के लिए राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले को लेकर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा कि मुंबई के विक्रोली इलाके की श्रीराम सोसाइटी में सिलेंडर विस्फोट के कारण आग लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे को लेकर डीसीपी आउटर जिम्मी चिराम का कहना है, ?हमें रात 9.53 बजे कॉल मिली कि बस में एक संदिग्ध वस्तु है। इसकी जांच की गई है, ऐसी कोई चीज बरामद नहीं हुई है.

# कल्याण में सीट बंटवारे को लेकर महायुति में खींचतान?

### बीजेपी ने किया पांच विधानसभा सीटों पर दावा



**कल्याण.** महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने तैयारियां शुरू कर दी है। सत्ता में शामिल भाजपा और शिवसेना (शिंदे) के बीच कल्याण लोकसभा की पांच विधानसभा सीटों को लेकर खींचतान चल रहा है। बीजेपी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र उर्फ नाना सूर्यवंशी ने प्रेसवार्ता में पार्टी के बैठक की जानकारी देते हुए कल्याण पूर्व, कल्याण पश्चिम, कल्याण ग्रामीण, डोंबिवली और अंबरनाथ को मिलाकर पांच विधानसभा सीटों पर अपना दावा किया। जिसके चलते शिवसेना (शिंदे) और बीजेपी की युति में कड़वाहट आने की आशंका जताई जा रही है।

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के कल्याण जिलाध्यक्ष नरेंद्र उर्फ नाना सूर्यवंशी ने कहा कि कल्याण लोकसभा के अंतर्गत आने वाली पांचो विधानसभा सीटों पर हम तैयारी कर रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता महायुति के प्रत्याशी के रूप में जिसे मौका देंगे, उसे जिताकर लाएंगें। एक सवाल के जवाब में सूर्यवंशी ने कहा कि पार्टी में कोई बगावत नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कल्याण पूर्व और डोंबिवली विधानसभा सीट पहले से भाजपा के पास है, और रहेगा। अन्य तीन सीटों पर बीजेपी का प्रत्याशी होना चाहिए। नरेंद्र सूर्यवंशी ने आगे कहां की पांच विधानसभा सीटों पर हम दावा करेंगे, क्योंकि इन पांचो सीटों पर लड़ने के लिए बीजेपी सक्षम है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी हाई कमान क्या निर्णय लेगा, जो आगे की रणनीति पर निर्भर होगी।

# 2 चोर गिरफ्तार, 6 लाख रुपए की 72 बैटरियां जब्त



**भिवंडी.** नारपोली पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया जो एक गोदाम में 6 लाख 16 हजार कीमत की 72 बैटरियां चोरी कर बिक्री कर दिये थे.पुलिस ने चोरी की गई 72 बैटरियां जब्त की जिसकी कीमत 6 लाख 16 हजार रूपये बताई जाती है.

नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भरत कामत ने बताया कि, तालुका स्थित भटाले गांव, बालाजी कॉम्प्लेक्स स्थित एक गोदाम में भारी मात्रा में बैटरी और इनवर्टर रखे हुए थे.गोदाम को अज्ञात लोगों ने रात में नकली चाबी से खोलकर 72 बैटरियां चोरी कर लिया. जानकारी मिलने पर गोदाम व्यवस्थापक ने इसकी शिकायत नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया था.पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी के तहत केस दर्ज कर सहायक पुलिस निरीक्षक विजय मोरे के नेतृत्व में पुलिस उप निरीक्षक डी.डी.पाटिल पुलिस सिपाही संतोष सस्कर,पाटिल, राजेश पाटिल,वाजे, प्रमोद जाधव, संदीप जाधव, सायखिंडीकर, जर्नादन बंडगर ने गोदाम क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज जांच की और संदिग्ध अवस्था में दिखाई देने वाला टेम्पो ड्राइवर विनोद डोकफोडे को हिरासत में लिया. पूछताछ करने पर उसने चोरी करने की बात कबूल कर ली. बैटरियों को कौसा मुंब्रा के रकीब माजीद खान के पास बिक्री करने का खुलासा होने पर गिरफ्तारी की है.

# पुलिस कर्मियों के लिए 316 घरों की योजना जल्द होगी शुरू

### विधायक केलकर के हाथों से पुरानी व नई इमारत का शुभारंभ



**ठाणे.** शहर में कानून व्यवस्था व रातदिन जनता की सेवा के लिए कार्यरत पुलिस कर्मियों के 600 घरों का दुरुस्तीकरण व नवीनीकरण के लिए विधायक संजय केलकर के हाथों से काम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर नये 316 घरों के 5 इमार्तोंक का काम जल्द से जल्द शुरू किया जायेगा यह जानकारी उन्होंने दिया।जरीमरी के 240 घर व 1से लेकर 6 नये घर 360 कुल 600 घरों के लिए विधायक केलकर ने अधिवेशन में आवाज उठाया था।साथ ही प्रशासनिक आवेदन पत्र देकर घरों को मंजूर करवाया।मूसलाधार बरसात को देखते हुए नागरिकों को दिक्कत नहीं हो इसके लिए नारियल तोड़कर काम का शुभारंभ किया।

इसके पहले विधायक केलकर के प्रयास से रवी, भास्कर, सूर्य, अरुण, आदित्य 260 घरों के बाथरूम व शौचालय के लीकेज का दुरुस्तीकरण गृह विभाग के निधी से करवाया था।इसके अलावा ए, बी,सी इमारत के 112 घरों का दुरुस्तीकरण सार्वजनिक बांधकाम विभाग के निधी से किया गया था।ठाणे शहर के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के 1050 घर है।जिसमें 1से 12 चाल लगभग 100 साल पुरानी है।उस जगह पर 316 घरों के लिए 5 नई इमारत का मंजूरी विधायक संजय केलकर के अथक प्रयास से मिला है।जल्द ही निधी उपलब्ध करवाकर इमारत का निर्माण कार्य शुरू होगा।इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार व सार्वजनिक बांधकाम मंत्री रवींद्र चव्हाण सहयोग करने के लिए विधायक केलकर ने आभार व्यक्त किया

हांगकांग में आयोजित विश्व चॉकबॉल टूर्नामेंट के लिए

# SST कॉलेज के छात्र विक्रम काले भारतीय टीम में चयन



**भिवंडी.** खेल के क्षेत्र में विशेष ख्याति अर्जित करने वाले एसएसटी कॉलेज, उल्हासनगर 4 के छात्र विक्रम रतन काले का चयन हांगकांग में आयोजित विश्व चॉकबॉल चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। इसमें कुल 12 खिलाड़ी शामिल हैं।टीम का चयन पंजाब के जालंधर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता से किया गया था।

विक्रम के इस चयन से एसएसटी कॉलेज के साथ-साथ महाराष्ट्र के सिर पर एक और सम्मान का ताज बंधा है। इससे पहले भी एसएसटी कॉलेज के छात्रों ने विश्व प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बड़ी सफलता हासिल की है। विक्रम ने अपनी पसंद का श्रेय एसएसटी कॉलेज द्वारा खेलों के लिए बनाए गए माहौल, अपने गुरुओं, खेल शिक्षकों, कॉलेज के प्रिंसिपल, शिक्षकों और अपने माता-पिता को दिया।

इंडियन एसोसिएशन के उप सचिव और महाराष्ट्र एसोसिएशन के सचिव श्री सुरेश गांधी, एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, महाराष्ट्र चॉकबॉल एसोसिएशन के श्री राहुल अकुल, नितिन पोटे, जयवंत बोभाटे और ठाणे जिला चॉकबॉल एसोसिएशन के सदस्य संदीप नरवाड़े, अनिकेत जरे, जय बोभाटे, करण गवली, अन्य स्टाफ और छात्रों ने उन्हें बधाई दी और इस विश्व चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दीं।

# पनवेल में तिहरे हत्याकांड की जांच के बाद डॉ. पोल गिरफ्तार

**पनवेल.** मावल में हुए तिहरे हत्याकांड के मामले में तलेगांव एमआईडीसी पुलिस ने कलंबोली के अमर हॉस्पिटल के मालिक और पीड़ित का इलाज करने वाले डॉ. अर्जुन पोल को गिरफ्तार कर लिया गया है. डॉ. पोल को 30 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। 6 से 9 जुलाई के बीच मावल की रहने वाली पीड़िता को गर्भपात के लिए कलंबोली के अमर अस्पताल लाया गया था. पीड़िता के साथ उसके दो और पांच साल के बच्चे भी थे.

अमर अस्पताल में पीड़िता की मौत के बाद उसके प्रेमी और उसके साथी ने उसके शव को इंद्रायणी नदी में फेंक दिया। यह देखकर कि बच्चों ने अपनी मां को इंद्रायणी में फेंक दिया है, प्रेमी और उसके साथी ने जीवित बच्चों को इंद्रायणी में फेंक दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर एक के बाद एक आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

अमर हॉस्पिटल के डॉ. पोल से पिछले तीन दिनों से पूछताछ की जा रही थी. अंततः तलेगांव एमआईडीसी पुलिस ने पूछताछ के बाद डॉ. मामले की जांच करने वाले सहायक पुलिस निरीक्षक शाम म्हस्के ने बताया कि पोल को गिरफ्तार कर लिया गया है। डॉ. पोल ने यह बात स्थानीय पुलिस से छिपा ली कि इलाज के बाद पीड़िता की मौत हो गयी. आरोप है कि डॉ. यह पोल पर किया गया था. डॉ. पोल के पास सरकारी चिकित्सा अधिकारी से लेकर चिकित्सा अधीक्षक पद तक सेवा का अनुभव था। मनसे के आंदोलन के बाद पनवेल नगर निगम डॉ. पोल का अमर हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है.

चार महीने पहले प्रसव के दौरान एक मां की मौत के कारण पनवेल नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के डॉ. पोल को नोटिस दिया गया कि अमर हॉस्पिटल में किसी भी नए मरीज को भर्ती न किया जाए। फिर भी डॉ. पोल ने मावल के पीड़ित को भर्ती किया और पूरे दिन उसका इलाज किया। इस घटना के बावजूद, नवी मुंबई नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग ने रोहाउस नंबर 76, सेक्टर 6, कोपरखैरणे में अस्पताल का पंजीकरण बनाए रखा है।

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

# सोनाक्षी की बैचलरेट आउटफिट की तस्वीरें



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं। शादी के बाद से ही सोनाक्षी सिन्हा अपनी शादी और उससे जुड़े फंक्शन की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं। अब आज यानी 26 जुलाई (शुक्रवार) को सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बैचलरेट के आउटफिट की तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों से साफ है कि सोनाक्षी सिन्हा की बैचलरेट काफी अलग अंदाज में मनाई गई होगी।

सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर कुल 8 तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सोनाक्षी सिन्हा अनारकली सूट पहना और साथ में दुपट्टा कैरी किया है। इन तस्वीरों में सोनाक्षी ने बड़े इयररिंग्स और मांग टीका पहना हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा- मानो या ना मानो एक और थ्रोबैक मेरी बैचलरेट से क्या आप थीम गेस कर सकते हैं।

### इंस्टा यूजर्स ने लुटाया प्यार

सोनाक्षी सिन्हा की इन तस्वीरों पर फैंस ने प्यार लुटाया है। एक यूजर ने लिखा बहुत खूबसूरत। वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा टाइमलेस ब्यूटी। एक और यूजर ने कमेंट किया ये है असली सोना हाय!!! वहीं, कुछ यूजर्स ने थीम का सुझाव देते हुए लिखा - सोनामंडी।




Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099